Careerwill App
Careerwill Education
Download Now!




# Vygotsky's Socio-cultural Theory
# वाइगोत्सकी सामाजिक- सांस्कृतिक सिद्धांत


**LEV S. VYGOTSKY ( लेव वाइगोत्सकी )**
**(1896-1934)**



- Vygotsky was a Russian Psychologist.
  वाइगोत्सकी एक रूसी मनोवैज्ञानिक थे।
- A Social Constructivist
  सामाजिक रचनावादी थे।
- Focus on Socio - cultural aspect.
  सामाजिक-सांस्कृतिक पहलू पर ध्यान-केंद्रित करा गया।
- Vygotsky's theory stresses on the fundamental role of social interaction in the development of cognition.
  वाइगोत्सकी का सिद्धांत संज्ञान के विकास में सामाजिक अंत: क्रिया की मौलिक भूमिका पर जोर देता है।
- He believed strongly that community plays a central role in the process of "making meaning."
  वाइगोत्सकी के अनुसार समुदाय "अर्थ निर्माण" की प्रक्रिया में केन्द्रीय भूमिका निभाता है।
- As per Contemporary theorists, Childhood is a social Construct.
  समकालीन सिद्धांतकारों के अनुसार, बाल्यावस्था एक सामाजिक संप्रत्यय है।
- Social learning tends to precedes development.
  सामाजिक शिक्षा विकास से पहले होती है।

## Three Important Aspects
## तीन महत्वपूर्ण पहलू




### 1) SOCIAL INTERACTION
### सामाजिक अंतः क्रिया



- Children learn best through interaction with others.

  बच्चा दूसरों के साथ अंतः क्रिया के माध्यम से सबसे अच्छा सीखता है।

- Example - A children learns to solve puzzle by watching his/her parents.

  एक बच्चा अपने माता/पिता को देखकर पहेली हल करना सीखता है।

## 2) CULTURE
**संस्कृति**




- Culture shapes what a child learns and how they think.
  संस्कृति यह तय करती है कि बच्चा क्या सीखता है और कैसे सोचता है।
- Every society passes down its values, knowledge and tools.
  प्रत्येक समाज अपने मूल्य, ज्ञान और उपकरण आगे बढ़ाता है।
- Example - In some culture, storytelling is a key learning tool, in other formal schooling dominates.
  कुछ संस्कृतियों में कहानी सुनना एक प्रमुख शिक्षण साधन है, जबकि अन्य में औपचारिक स्कूली शिक्षा हावी है।

## 3) LANGUAGE
**भाषा**

- Language is the main tool for communication and thinking.
  भाषा संचार और चिंतन का मुख्य साधन है
- It helps children express thoughts and understand others.
  यह बच्चो को विचार व्यक्त करने और दूसरों को समझाने में मदद करता है।

**Some other important Terms:**
**अन्य महत्वपूर्ण पहलू**



## Zone of Proximal Development
## समीपस्थ विकास का क्षेत्र


- Zone of Proximal Development is an important concept that relates to the difference between what a child can achieve independently and what a child can achieve with guidance and encouragement from a skilled partner.

  समीपस्थ विकास का क्षेत्र एक महत्वपूर्ण अवधारणा है, जो इस बात के बीच के अंतर से संबंधित है कि एक बच्चा स्वतंत्र रूप से क्या हासिल कर सकता है और एक कुशल साथी के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से वह क्या हासिल कर सकता है।

- Vygotsky sees the Zone of Proximal Development as the area where the most sensitive instruction or guidance should be given, allowing the child to develop skills they will then use on their own developing higher mental functions.

  वाइगोत्सकी समीपस्थ विकास क्षेत्र को वह क्षेत्र मानते है जहाँ सबसे संवेदनशील निर्देश या मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए, जिससे बच्चे को कौशल विकसित करने का अवसर मिले जिसका उपयोग वह स्वयं उच्च मानसिक कार्यों को विकसित करने में करेंगे।

**Zone of Proximal Development**
**समीपस्थ विकास क्षेत्र**




- A : Stuff learners can do.
  ऐसे कार्य जो सीखने वाला स्वयं कर सकता है।
- ZPD: Stuff learners can do, with support.
  वे कार्य जो विद्यार्थी सहायता मिलने पर कर सकते है।
- B: Stuff learners can't do even with support.
  ऐसे कार्य जो विद्यार्थी सहायता मिलने पर भी नहीं कर सकते।

- This is the Gap between what a child can do alone and what they can do with help.

  यह वह अंतर है जो एक बच्चा अकेले कर सकता है और जो वह दूसरे की मदद से कर सकता है।

- Learning happens most effectively in this zone, with support of an MKO (more knowledgeable other).

  इस क्षेत्र में अधिगम MKO (अधिक जानकार अन्य) के सहयोग से सबसे अधिक प्रभावी ढंग से होता है।

- Example - A child can't ride bicycle alone but can do it with Dad's help, that task is in their ZPD.

  एक बच्चा अकेले साइकिल नहीं चला सकता, लेकिन पिता की मदद से वह यह काम कर सकता है, यह काम उसके ZPD में है।





## More Knowledgeable Other
## अधिक जानकार अन्य

- An MKO is someone who has more knowledge or skills, has better understanding or higher ability level than learner, with respect to a particular task or concept.

  एम के ओ (MKO) वह व्यक्ति होता है जिसके पास किसी विशेष कार्य या अवधारणा के संबंध मे शिक्षार्थी की तुलना में अधिक ज्ञान, कौशल, बेहतर समझ या उच्च क्षमता स्तर होता है।

- Such as teacher, parents, other siblings or even a peer.

  जैसे शिक्षक, माता-पिता, भाई- बहन या कोई सहकर्मी ।

- The key to MKO is that they must have (or be programmed with) more knowledge about the topic being learned than the learner does.

  MKO की कुंजी यह है कि उन्हें सीखाए जा रहे विषय के बारे मे शिक्षार्थी से अधिक ज्ञान होना चाहिए।

- A teacher helping a student understand maths problems by giving step-by-step support.

  एक शिक्षक एक छात्र को चरण-दर-चरण सहायता देकर गणित समस्याएँ समझने में मदद करता है।



## SCAFFOLDING
## पाड़

- Scaffolding refers to the temporary support provided by more knowledgeable other (MKO) to facilitate learning within the learner's Zone of Proximal development [ZPD].

  पाड़ (स्कैफोल्डिंग) से तात्पर्य किसी अधिक जानकार व्यक्ति (MKO) द्वारा प्रदान किए गए अस्थायी समर्थन से हैं, जो शिक्षार्थी के समीपस्थ विकास [ZPD] के क्षेत्र में अधिगम को सुविधाजनक बनाता है।

- Example - A teacher gives hints and prompts during a writing task, then slowly reduces help as the child learns.


  शिक्षक लेखन कार्य के दौरान संकेत और प्रेरणा देते हैं, फिर जैसे-जैसे बच्चा सीखता है, धीरे-धीरे मदद कम कर देते है।

## Vygotsky and Language
## वाइगोत्सकी और भाषा

- Vygotsky believed that language develops from social interactions.
  वाइगोत्सकी का मानना था कि भाषा सामाजिक अंतः क्रियाओं से विकसित होती है।
- Vygotsky viewed language as man's greatest tool, a means for communicating with the outside world.
  वाइगोत्सकी ने भाषा को मनुष्य का सबसे बड़ा उपकरण, बाहरी दुनिया के साथ संवाद करने का एक साधन माना।
- Language is not just for communication, but helps in thinking and Problem-solving.
  भाषा सिर्फ संचार के लिए नहीं है, बल्कि सोचने और समस्या समाधान में भी मदद करती है।
- Thought and language are initially separate systems from the beginning of life, merging at around three years of age.
  जीवन के आरम्भ से ही विचार और भाषा अलग-अलग प्रणालियाँ होती है, जो लगभग तीन वर्ष की आयु में एक हो जाती है।
- At this point speech and thought become interdependent.
  इस बिंदु पर वाणी और विचार अन्योन्याश्रित हो जाते हैं।

**Three forms of language**
**(भाषा के तीन रूप)**

- Social speech
  सामाजिक वाक्
- Private speech
  निजी वाक्
- Silent-inner speech
  मौन-आंतरिक वाक्



## (1) SOCIAL SPEECH ( सामाजिक वाक् )
## [0–3 years/वर्ष ]

- Social Speech is used for external communication [talk to others.]
  सामाजिक वाक् का उपयोग आंतरिक संचार के लिए किया जाता है। (दूसरों से बात करने के लिए)
- It happens out loud and is meant for interaction.
  यह जोर से बातचीत के लिए होता है।
- Children at this stage talk to parents, teachers or anyone around them.
  इस अवस्था में बच्चे माता-पिता, शिक्षकों या अपने आस-पास के किसी भी व्यक्ति से बात करते है।
- Example - Child says, "Mummy, give me toy."
  बच्चा कहता है "मम्मी मुझे खिलौना दो।"

## (2) PRIVATE SPEECH ( निजी वाक् )
## [3–6 years/वर्ष ]

- Private speech is where children talk to themselves aloud.
  निजी वाक् वह होता है, जिसमें बच्चे जोर से बोलकर खुद से बात करते हैं।
- It help child to direct self, think, plan and solve problems.
  यह बच्चे को स्वयं को निर्देशित करने, सोचने, योजना बनाने और समस्याओं को हल करने में मदद करता है।



- Private speech is not meant for others to hear.
  निजी वाक् दूसरों को सुनाने के लिए नहीं होती है।
- Vygotsky believe that Private speech is a important step in learning and self regulation process.
  वाइगोत्सकी का मानना है कि निजी वाक् अधिगम और आत्म-नियमन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- Example: A child tying shoes says "First the loop - now around - now pull."
  एक बच्चा जूते के फीते बांधतें हुए कहता है: " पहले फंदा बनाओ - अब घुमाओं - अब खीचों।"


***Note :***

- Piaget called the stage from 2-7 years the time when Egocentric speech occurs.
  पियाजे ने 2–7 वर्ष की आयु को अहं – केंद्रित वाक् का समय कहा गया है।
- Vygotsky disagreed, saying this is actually private speech, which is useful and becomes inner speech later.
  वाइगोत्सकी ने इससे असहमति जताते हुए कहा कि यह वास्तव में निजी वाक् है, जो विकास के लिए उपयोगी है और बाद में आंतरिक वाक् बन जाता है।

## (3) SILENT-INNER SPEECH ( मौन-आंतरिक वाक् ) [from the age of 7 years/ ( 7 वर्ष की आयु से ) ]

- Private speech becomes internalized and turns into inner thoughts.
  निजी वाक् आंतरिक हो जाती है और आंतरिक विचारों में बदल जाती है।
- The child no longer speaks aloud but thinks silently to guide their actions.
  बच्चा अब ज़ोर से नहीं बोलता बल्कि अपने कार्यों को निर्देशित करने के लिए ( चुपचाप) बिना बोले सोचता है।
- Example : An older child mentally plans homework steps without saying anything aloud.
  एक बच्चा बिना कुछ बोले मानसिक रूप से होमवर्क के चरणों की योजना बनाता है।

## Some other aspects ( कुछ अन्य पहलू )



**(1) Collaborative Projects ( सहयोगात्मक परियोजनाएँ )**

Students work together on a shared goal or task, learning from each other's ideas and efforts.

छात्र एक साझा लक्ष्य या कार्य पर मिलकर काम करते है तथा एक दूसरे के विचारों और प्रयासों से सीखते हैं।

**(2) Assistive Learning ( सहायक शिक्षण )**

Learning with support or help, especially within the ZPD.

समर्थन या मदद से सीखना, विशेष रूप से ZPD के भीतर।

**(3) Peer Tutoring ( सहकर्मी अध्यापन )**

A student helps teach another student. The MKO can be a peer who understand the topic better.

एक छात्र दूसरे छात्र को पढ़ाने में मदद करता है। MKO एक ऐसा सहकर्मी हो सकता है जो विषय को बहतर ढंग से समझता हो।

**(4) Cooperative Learning ( सहयोगात्मक अधिगम )**

Group learning where each member has a specific role and they depend on each other.

समूह शिक्षण जहाँ प्रत्येक सदस्य की एक विशिष्ट भूमिका होती है, और वह एक दूसरे पर निर्भर होते है।


**(5) Reciprocal Teaching ( पारस्परिक शिक्षण )**

A dialogue based method where student and teacher take turn leading a discussion to understand a text.

एक संवाद आधारित पद्धति जिसमें छात्र और शिक्षक बारी–बारी से पाठ को समझने के लिए चर्चा का नेतृत्व करते हैं।

***Note :***

- As per Vygotsky development is a Continous process.
  वाइगोत्सकी के अनुसार विकास एक सतत प्रक्रिया है।



## Educational Implication
## शैक्षिक निहितार्थ

1) Role of teacheras a Guide, not just a Lecturer.
   शिक्षक की भूमिका एक मार्गदर्शक के रूप में होना चाहिए, न कि केवल व्याख्यता के रूप में।

2) Use of Zone of Proximal development.
   समीपस्थ विकास क्षेत्र का उपयोग।
   - focus on "right challenges" instead of too easy and too hard task.
     बहुत आसान और बहुत कठिन कार्य के बजाय "सही चुनौतीकर्ता" पर ध्यान केंद्रित करें।

3) Encourage Collaborative learning.
   सहयोगात्मक शिक्षण को प्रोत्साहित करें।

4) Importance of language and discussion.
   भाषा और चर्चा का महत्व।

5) Cultural Relevance in teaching.
   शिक्षण में सांस्कृतिक प्रांसगिकता।

## CRITICISM OF VYGOTSKY'S THEORY
## वाइखगोत्सकी के सिद्धांत की आलोचना

1) The main criticism of Vygotsky's work concerns the assumption that it is relevant to all cultures.
   वाइगोत्सकी के कार्य की मुख्य आलोचना इस धारणा से संबंधित है कि यह सभी संस्कृतियों के लिए प्रासंगिक है।

2) Too much focus on social environment.
   सामाजिक वातावरण पर अधिक ध्यान देना।

3) Ignore the biological aspects of human.
   मानव के जैविक पहलुओं की उपेक्षा करना।

4) Too dependent on Verbal Instructions
मौखिक निर्देशों पर अत्यधिक निर्भरता।

- Indeed, in some instances, observation and practice may be more effective ways of learning certain skills.
  वास्तव में कुछ मामलों में, अवलोकन और अभ्यास कुछ कौशल सीखने के अधिक प्रभावी तरीके हो सकते है।

5) Limited research Base.
सीमित अनुसंधान आधार।